प्रेस नोट - दिनांक 02.12.2024

थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।

हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा दो आरोपी बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा दहेज हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा दो आरोपी बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 29.11.2024 को समय करीब 11.30 बजे थाना कोतवाली सदर पर सूचना मिली कि सिन्धूपुर रोड से गौशाला जाने वाली चकरोड के किनारे कीचड़ मे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त न होने की दशा मे पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को मोर्चरी मे रखवा दिय गया था। जिसकी शिनाख्त सुमित वर्मा पुत्र विश्राम वर्मा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी सहजनी थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव के रूप मे हुई है। घटना के अनावरण के क्रम मे सुमित के परिजनो से वार्ता की गयी तो बताया कि सुमित उपरोक्त श्याम पुत्र मनोज कुमार निवासी मसवासी थाना कोतवाली जनपद उन्नाव के साथ दिनांक 28.11.2024 की सांय मैरिज हाल में काम करने के लिए गया था। श्याम को घर से बुलाकर पूछताछ की गयी तो बताया कि सुमित मेरी बुआ की लड़की से प्रेम करता है जिससे मैं उससे रंजिश मानने लगा तथा मैने दिनांक 29.11.2024 की सुबह करीब 03.30 बजे अपने मित्र बाल अपचारी राजू (काल्पनिक नाम) उम्र करीब 15 वर्ष निवासी काशीराम कालोनी थाना कोतवाली जनपद उन्नाव तथा मोहित (काल्पनिक नाम) उम्र करीब 17 वर्ष निवासी उम्मीदों का शहर जनपद उन्नाव के साथ मिलकर सुमित की हत्या कर शव को फेंक दिया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 892/24 धारा 103(1)/3(5)/61(2)/238(b) बीएनएस बनाम 1.श्याम पुत्र मनोज निवासी मसवासी थाना

कोतवाली सदर जनपद उन्नाव एवं दो बाल अपचारी आरोपियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । आज दिनांक 02.12.2024 अभियुक्त श्याम कुमार उपरोक्त को सिन्धूपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया व बालअपचारी राजू (काल्पनिक नाम) उम्र करीब 15 वर्ष व मोहित (काल्पनिक नाम) उम्र करीब 17 वर्ष को नियमानुसार पुलिस संरक्षण में लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.श्याम कुमार पुत्र मनोज कुमार नि0 ग्राम मसवासी थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र करीब 22 वर्ष

दो आरोपी बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण मे लिया गया

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1-- प्र0नि0 प्रमोद कुमार मिश्र थाना कोतवाली उन्नाव
2-- उ0नि0 इन्द्रदेव उपाध्याय चौकी प्रभारी दोस्तीनगर
3-- हे0का0 संजीव कुमार,
4-- हे0का0 मसूद खान,
5-- का0 राजेश कुमार,
6-- का0 वीरेन्द्र प्रताप,
7-- का0 अंकुर थाना दही

UNNAO POLICE

प्रेस नोट - दिनांक 02.12.2024

थाना सफीपुर, जनपद उन्नाव।

हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 16.11.2024 को थाना सफीपुर द्वारा मु0अ0सं0 297/2024 धारा 126(2)/191(2)/191(3)/190/131/109/118(1)/117(2)/115(2)/352/351(3) B.N.S पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 0212.2024 को प्र0 नि0 श्री श्याम नारायण सिंह मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्त मुकर्रम पुत्र मुस्तफा निवासी मो0 कजियाना कस्बा व थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र करीब 30 वर्ष को घटना में प्रयोग हुआ डण्डा , लोहा का राड व चापड़ बरामद कर महंदीखेड़ा मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मुकर्रम पुत्र मुस्तफा निवासी मो0 कजियाना कस्बा व थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र करीब 30 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

घटना में प्रयोग हुआ डण्डा , लोहा का राड व चापड़

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1 प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह

2.उ0नि0 अनुपम सिंह भदौरिया

3.का0 राघवेन्द्र गुर्जर

4.का0 मुकेश मौर्या